Title: Need to take action on the detriorating situation in Jammu and Kashmir.

श्री राजेश पायलट (दौसा) : अध्यक्ष महोदय, सवाल जीरो आवर का नहीं है। आज जीरो आवर नहीं है, यह बात सही है। हम पिछले दस दिनों से इस सदन में जम्मू-कश्मीर की हालत पर चिल्ला रहे हैं । वहां बराबर हादसे होते जा रहे हैं। सरकार का जवाब सिचुएशन रिपोर्ट का आता है और आज अखबारों में लिखा है कि हम पंजाब, हिमाचल प्रदेश और कश्मीर की कोआर्डिनेशन बना रहे हैं।

पहले भी कोआर्डीनेशन बना है। सरकार कोई एक्शन प्लान लेकर नहीं आ रही है और दिन-प्रति-दिन हादसों में बढ़ोतरी हो रही है। यह बढ़ोतरी होती रहेगी, जब तक आप कोई फर्म एक्शन नहीं लेंगे। आपको पता था कि डोडा में इंसीडेंटस हुए हैं, आपको हिमाचल की बाउंडरी तभी सील कर देनी चाहिए थी।

... (व्यवधान)

आपको कांफ्रेंस करनी चाहिए थी लेकिन आपने कुछ नहीं किया। ३० लोग मारे गए और कल गृह मंत्री जी ने बयान दे दिया।

... (व्यवधान)

आज यहां प्रधानमंत्री जी बैठे हुए हैं, उन्हें फर्म पालिसी बना कर जम्मू-कश्मीर और उसकी सराउंडिंग स्टेटस में होने वाली घटनाओं के बारे में यहां कुछ कहना चाहिए। हिमाचल, पंजाब, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर, इनका पूरा एक नेट है। इनमें कोआर्डीनेशन की कोई नई बात नहीं है।

... (व्यवधान)

इनको कुछ तो कहना चाहिए कि सरकार क्या कर रही है, अन्यथा कल अखबारों में फिर आएगा कि वहां ३० लोग मरे हैं, फिर उसके बाद क्या होगा?

... (व्यवधान)

क्या हम रोज यहां सिचुएशन कोट करेंगे? कश्मीर सब्जैक्ट बहुत सेंसटिव रहा है, इसलिए मेरी प्रधानमंत्री जी से प्रार्थना है कि वह उस बारे में कुछ कहें।

MR. SPEAKER: Shri Madan Lal Khurana, would you like to say anything?

">

संसदीय कार्य मंत्री तथा पर्यटन मंत्री (श्री मदन लाल खुराना): अध्यक्ष जी, माननीय गृह मंत्री जी का इस समय राज्यसभा में इसी संबंध में बयान है। वहां से आने के बाद यहां देखेंगे।

SHRI MADHUKAR SIRPOTDAR (MUMBAI NORTH-WEST): We have given a notice on the same issue.

... (व्यवधान)

श्री बूटा सिंह (जालौर): महोदय, दिल्ली में एक दलित महिला को मारा गया। ... (व्यवधान) बीजेपी के नेताओं ने मारा है। इस बारे में अखबारों में पूरी रिपोर्ट है।

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Sultanpuri, please take your seat. The hon. Prime Minister is on his legs. Please take your seat.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Basu Deb Acharia, please take your seat. The hon. Prime Minister is on his legs. Please take your seat.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Shri Ramdas Athawale, please take your seat.

">

प्रधान मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी): अध्यक्ष महोदय, मैं माननीय सदस्यों की उत्तेजना समझ सकता हूं। जो कुछ नई घटनाएं हुई हैं वे चिन्ताजनक हैं। ऐसा लगता है कि वे योजनापूर्वक की जा रही हैं और उनके करने का राजनीतिक उद्देश्य जान पड़ता है। इन सारी घटनाओं के बारे में सदन को अवगल किया जाता रहा है। आज भी जो नई घटना हुई है,

... (व्यवधान)

श्री बूटा सिंह : महोदय, क्या अवगत कराने से ही ये घटनाएं खत्म हो जाएंगी।... (व्यवधान) आपने क्या अवगत कराया?

... (व्यवधान)

MR. SPEAKER: Shri Buta Singh, please understand the hon. Prime Minister is on his legs. Please take your seat.

... (Interruptions)

MR. SPEAKER: Please take your seat.

... (व्यवधान)

श्री बूटा सिंह : उस पर आपने क्या एक्शन लिया?

MR. SPEAKER: Hon. Members, please take your seat. What is this? Shri Buta Singh, please take your seat.

श्री अटल बिहारी वाजपेयी : अध्यक्ष महोदय, भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए शासन कड़ी कार्यवाही करेगा, उचित कदम उठाए जाएंगे, यह मैं विश्वास दिलाना चाहता हूं और गृह मंत्री जी इस संबंध में सदन के सामने वक्तव्य देंगे।